आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :300 पृष्ठ -4 दिनांक 28 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार



!! जय श्री राम!!

जननायक सम्राट समाचार पत्र

परिवार की ओर से सभी नगरवासियों गोर्वधन,एंव

देशवासियों को धनतेरस,अनंतचतुर्दशी,दीपावली भाईदौज की हार्दिक शुभकामनायें।।

# यूपी उपचुनाव में RSS ने बनाया टोली प्लान, BJP की जीत के लिए बनाई तगड़ी रणनीति

उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव का घमासान तेज हो गया है. एक तरफ बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगाई हुई है तो वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी मोर्चा संभाल लिया है. बीजेपी की सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए संघ टोली प्लान की रणनीति के तहत आगे बढ़ रहा है, जिसके तहत कार्यकर्ता टोली बनाकर घर–घर लोगों से संपर्क करेंगे. आरएसएस के टोली प्लान के तहत जिन नौं सीटों पर चुनाव होना है. वहां के तमाम इलाकों में संघ के कार्यकर्ता छोटी–छोटी टोलियां बनाकर अलग–अलग इलाकों में जाएंगे और लोगों के साथ बैठकें कर उन्हें राष्ट्रहित और हिन्दुत्व का पाठ पढ़ाएंगे. एक टोली में 5–10 लोगों के ग्रुप होंगे जो लोगों से मुलाकात करेंगे. ये कार्यकर्ता सीधे तौर पर बीजेपी का समर्थन करते नहीं दिखाई देते बल्कि लोगों से सुशासन, राष्ट्रहित, हिन्दुत्व, विकास और लोक कल्याण के मुद्दों पर बात करेंगे और उनकी राय को बीजेपी के साथ जोड़ने की कोशिश करेंगे. यूपी उपचुनाव में संघ का श्टोली प्लानश संघ की ये टोलियां के कार्यक्रमों से दूरी बनाते हुए घर–घर जाएगी. जिसमें सभी जातियों और समुदायों के लोगों से बात की जाएगी. यहीं नहीं उन्हें सीएम योगी के श्बटेंगे तो कटेंगेश के नारे का मतलब भी बताया जाएगा. लखनऊ में इस टोली प्लान का पूरा खाका तैयार हो चुका है. जिसके बाद संघ ने दूसरे राज्यों के साथ यूपी उपचुनाव में भी इस रणनीति पर काम करने रणनीति बनाई है. इससे पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी संघ की इन टोलियों ने सवा लाख बैठकें की थीं, जिसके बाद राज्य में बीजेपी को बड़ी कामयाबी मिली. बता दें लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संघ को लेकर बयान देते हुए कहा था कि बीजेपी अब बड़ी पार्टी बन गई है. भाजपा को संघ की जरुरत नहीं हैं, जिसे लेकर संघ नाराज हो गया था और कार्यकर्ता चुनाव के दौरान घर बैठ गए थे. इसका असर ये हुआ कि संघ के हिन्दुत्व का एजेंडा बिखर गया और हिन्दू



वोट कई जातियों में बंट गए. यूपी में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता बीजेपी की हार की सबसे बड़ी वजह बनी. जिसके बाद बीजेपी को अपनी गलती का एहसास हुआ और पार्टी ने एक बार फिर से संघ की शरण पहुंच गई है. सूत्रों का मानें तो यूपी में भले ही नौ सीटों पर उपचुनाव हो रहा है लेकिन संघ सभी दस सीटों पर तैयारी कर रहा है.

## मां–बाप को मिल रही मारने की धमकी, बर्दाश्त नहीं करेंगे, ट्रोलिंग से परेशान हैं अभिनव अरोड़ा

सोशल मीडिया पर मशहूर बाल संत अभिनव अरोड़ा इन दिनों सुर्खियों में हैं. हाल ही उनका एक वीडियो सामने आया था जिसमें जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अभिनव अरोड़ा को स्टेज पर फटकार लगाई दी और उन्हें मंच से नीचे जाने को कहा था. जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों की तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. वहीं अब अभिनव अरोड़ा का एक वीडियो सामने आया है, इस वीडियो में अभिनव अरोड़ा ने कहा कि सभी को अपने माता–पिता और गुरु से बचपन में डांट खाने को मिलती है. मैं तो सनातन धर्म का प्रचार करना चाहता हूं, जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी मेरे लिए भगवान के समान हैं. बातचीत के दौरान अभिनव ने बताया कि, मेरे घर वालों के पास रोज पांच सौ से हजार कॉल आ रही हैं. जिसमें कह रहें कि आप घर से बाहर नहीं निकल सकते, आपको जान से मार दिया जाएगा. अभी तक मुझको लेकर कमेंट करते थे तो बर्दाश्त करता था. अब बात मेरी भक्ति पर आ गई हैं, अब हम बर्दाश्त नहीं करेंगे.गौरतलब है कि, अभिनव स्वामी रामभद्राचार्य के दरबार में उनका आशीर्वाद लेने के लिए गए थे, लेकिन रील और वीडियो बनाने लगे, जिसके स्वामी ने रामभद्राचार्य उन्हें डांट कर मंच से उतार दिया. वायरल वीडियो में दिख रहा है कि अभिनव स्टेज पर स्वामी के बगल में खड़े हैं और वहां मौजूद लोगों से जयकारे लगवा रहे हैं. हालांकि, ये बात स्वामी जी को पंसद नहीं आती है. वो तुरंत अपने सहयोगियों से उन्हें मंच से उतारने को कहते हैं. ये वीडियो वायरल होने के बाद यूजर अभिनव अरोड़ा को ट्रोल करने लगें. इंस्टाग्राम पर हैं 9 लाख से अधिक फॉलोअर्स अब वायरल वीडियो के संबंध में रामभद्राचार्य से बातचीत में कहा कि, मेरा एक वीडियो वायरल हुआ है,वो आप लोगों ने देखा होगा. इतना मूर्ख लड़का हैवो (अभिनव अरोड़ा). कहता है भगवान कृष्ण उसके साथ पढ़ते हैं.भगवान उसके साथ पढ़ेंगे. जरा भी शिष्टता नहीं है. मैंने तो वृंदावन में भी उसे खूब डांट लगाई थी. दरअसल अभिनव अरोड़ा इंस्टाग्राम पर काफी फेमस हैं, वे धार्मिक वीडियो बनाते हैं. लोग उनकी वीडियो को काफी पसंद करते हैं.

## खेतों पर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगी? किसानों का जिक्र कर बोले राकेश टिकैत



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां एक महाप. ंचायत में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वर्ष तक किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही थी लेकिन अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर मीटर लगाना शुरू कर दिया है.उन्होंने पूछा कि अगर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगी? गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की थी. जिसमें बुंदेलखंड के किसानों को 1300 यूनिट हर माह और अन्य जनपदों के किसानों के लिए 1045 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया गया था.टिकैत ने यहां मुंडेरा में आयोजित किसान महापंचायत के बाद कहा कि, अगर मीटर लगाना है तो2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करना होगा नहीं तो किसान के खेत में मीटर नहीं लगेगा. उन्होंने धान की कीमतों को लेकर आरोप लगाया कि पूर्वांचल में जौनपुर, मिर्जापुर और बलिया में 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में धान किसानों से लिया जा रहा है.टिकैत ने कहा कि यही हाल मक्का का है. भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि अकेले बिहार में एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान फसलों को कम कीमत पर बेचने से किसानों को होता है और यह हाल सभी राज्यों का है.श्सलमान खान को माफी मांगने में क्या जाता हैश्टिकैत ने आरोप लगाया कि, सरकार चाहती है कि लोग बंधुआ मजदूर बनकर रहें. यह एक बड़ी साजिश रची जा रही है. यह सरकार देश को श्रमिकों का देश बनाना चाहती है क्योंकि उद्योगों में श्रमिकों की भारी कमी है.सलमान खान को माफी मांगने में क्या जाता है गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई मामले में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि, अगर बिश्नोई समाज से माफी मांगने पर कोई रार खत्म हो जाती है, तो इसमें बुराई क्या है. अगर जाने–अनजाने में कोई गलती हो गई है, तो सलमान खान को माफी मांगने में क्या जाता है.

## धर्मेंद्र यादव ने मंच से अपने जीजा अनुजेश को सुनाई खरी-खरी

मैनपुरी की करहल विधानसभा उपचुनाव का चुनावी जंग रोचक हो चला है. समा. जवादी पार्टी और भाजपा के नेता एक–दूसरे के खिलाफ जमकर बयानबाजी कर रहे हैं. इसी कड़ी में सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार अनुजेश यादव पर बड़ा हमला बोला. धर्मेंद्र यादव ने मंच से अपने जीजा और भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि 2019 में ही जब उन्होंने भाजपा ज्वाइन की थी तभी मैंने पत्र लिखकर उनसे अपने संबंध खत्म कर लिए थे. भाजपा प्रत्याशी को यह सोचना चाहिए कि आज जिनकी गोद में वह बैठे हैं, उन्होंने ही जनता का सबसे ज्यादा शोषण और उनके साथ अत्याचार और अन्याय किया है.मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा, ष्चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. मुझे विश्वास है कि करहल विधानसभा सहित हमारा पूरा क्षेत्र समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है. मेरा मानना है कि भाजपा ने केवल अन्याय का शासन राज्य में स्थापित किया है. योगी और मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल साबित हुई है. इस क्षेत्र का विकास हमारा मुद्दा है और इसी आधार पर हम जनता के बीच जा रहे है. यह रिश्तेदारी नहींबल्किपीडीए(पिछड़ा–दलित–अल्पसंख यक) विचारधारा और सिद्धांतों को बचाने की लड़ाई है. हमें उम्मीद है कि करहल के साथ–साथ उत्तर प्रदेश में हो रहे सभी नौ सीटों पर उपचुनाव में समा. जवादी पार्टी जीत हासिल करेगी.करहल विधानसभा में दिलचस्प हुई लड़ाई उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से अनुजेश यादव उम्मीदवार बनाए जाने पर सियासत तेज हो चली है. करहल सीट सपा का गढ़ मानी जाती है. अनुजेश यादव मुलायम सिंह की भतीजी और सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन संध्या यादव के पति हैं. संध्या उर्फ बेबी यादव 2015 से 2020 तक मैनपुरी की जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं, जबकि अनुजेश खुद इसी दौरान फिरोजाबाद से जिला पंचायत सदस्य थे.अनुजेश यादव सपा उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे. अनुजेश यादव सपा के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के फूफा लगते हैं. ऐसे में अब करहल सीट पर फूफा और भतीजा आमने–सामने होंगे. अनुजेश यादव सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई हैं. उनकी बहन संध्या यादव से अनुजेश यादव की शादी हुई है. ऐसे में इस सीट पर दिलचस्प चुनावी लड़ाई के आसार है.साल 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद करहल सीट अखिलेश यादव के पास थी. इस साल की शुरुआत में उनके लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी. उनकी जगह इस बार अखिलेश के भतीजे तेज प्रताप यादव चुनाव लड़ रहे हैं, जो मुलायम सिंह यादव के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पोते और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं.

## पुलिस हिरासत में मौत पीड़ित परिवार से मिले सीएम योगी, 10 लाख की आर्थिक मददय बच्चों की शिक्षा की फ्री व्यवस्था



राजधानी में पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार को 10 लाख की आर्थिक मदद दी। साथ ही बच्चों को शिक्षा फ्री और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का आश्वासन दिया। राजधानी लखनऊ में दो दिन पहले पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत हो गई थी। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार को तत्काल 10 लाख की आर्थिक मदद दी। बच्चों को फ्री शिक्षा देने की बात कही। सरकारी आवास के साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का आश्वासन दिया।इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला एवं सभासद शैलेंद्र वर्मा परिवार के साथ पहुंचे थे। बताते चलें कि चचेरे भाई से पैसों के विवाद में पुलिस ने मोहित पांडेय को घर से उठाया था। लॉकअप में उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई थी। लॉकअप में मोहित के साथ बंद उसके भाई शोभाराम ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि भाई को लॉकअप में टॉर्चर किया गया है। उसे पीटा गया है। तबीयत खराब होने के बाद भी उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। मामले में मां की तहरीर पर चिनहट थाना इंस्पेक्टर और चचेरे भाई आदेश सहित कई लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ओवरटेक करते समय पूर्वाचल एक्सप्रेसवे पर पलटी पिकअप, चालक सहित सात लोग घायलय अस्पताल में भर्ती

उत्तर प्रदेश के अमेठी में सोमवार को ओवरटेक करते समय एक पिकअप वाहन से टकराकर पलट गई। हादसे में बाराबंकी व सीतापुर के निवासी सात लोग घायल हो गए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों की मदद से सभी को सीएचसी पहुंचाया गया।हादसा बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ। यहां पिकअप टेंट का सामान लेकर वाराणसी से लखनऊ जा रही थी। तड़के पहर बाजार शुकुल इलाके में किलोमीटर–61 के पास ओवरटेक करते समय अन्य वाहन से टकराकर पलट गई। चालक सहित सात लोग घायलहादसे में बाराबंकी के सतरिख निवासी चालक दीपक (42), इसी जिले के बदोसरांय निवासी दीपू (18), सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के सेहरूवा निवासी गफ्फार (19), शिवपाल (27), शौकत अली (35), वीरेंद्र कुमार (18), राम सिंह (35) घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की मदद से घायलों को बाजार शुकुल सीएचसी लाया गया। यहां से राम सिंह को नाजुक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है।

# लारेंस बिश्नोई गैंग के बाद दुश्मन गैंग की दिल्ली में दहशत, व्यापारी के घर पर कई राउंड फायरिंग

## दिल्ली के रानीबाग में एक बिजनेसमैन के घर पर बम्भीहा गैंग ने फायरिंग की.

दिल्ली में एक बार फिर गोलियां चलीं. इस बार दिल्ली के रानीबाग इलाके में एक बिजनेस मैन के घर पर कई राउंड फायरिंग की गई. हवाई फायरिंग करने के बाद शूटर्स एक पर्ची छोड़कर भाग गए. पर्ची से बम्भीहा नाम की गैंग का खुलासा हुआ. यह गिरोह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का विरोधी है.पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रानी बाग इलाके में बम्भीहा गैंग ने घर के बाहर हवाई फायरिंग की है. दो मोटर साइकिल सवार बदमाशों ने घर के बाहर करीब 6 से 7 राउंड फायरिंग की. पुलिस को मौके से एक पर्ची भी मिली है, जिसपर बम्भीहा गैंग के कौशल चौधरी और पावर शौकीन के नाम लिखे हैं. साथ में एक मोबाइल नंबर भी लिखा था–.1656241112"जांच में जुटी दिल्ली पुलिस वारदात शनिवार (26 अक्टूबर) की बताई जा रही है. पुलिस ने बताया



कि व्यापारी को अभी तक एक्सटॉर्शन को लेकर कोई कॉल नही आया है. पुलिस ने यह भी बताया कि गैंग का सदस्य देवेंद्र बम्भीहा मंगलवार को मारा जा चुका है, लेकिन गैंग अभी भी उसी के नाम से चलता है. फिलहाल, दिल्ली पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

# पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का किया खुलासा

कासगंज। जिले मे अलग–अलग स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया। इस दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पांच चोरों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी का माल, तमंचा, बाइक, कार आदि बरामद हुआ।सोरों पुलिस ने रामप्रकाश निवासी नगला खंजी के सुखाने के लिए 24 अक्तूबर को डाले गए धानों को चोरी किए जाने के मामले में मामला दर्ज किया था। कासगंज पुलिस ने गुड्डू निवासी सैफनी जिला रामपुर की गोरहा बाईपास पर स्थित दुकान से कम्बल, टेडीबीयर, चादर, बैचने की दुकान 25 अक्तूबर को की गई चोरी का मामला दर्ज किया था।एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने इन मामलों के खुलासे के लिए सीओ आंचल चौहान के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस ने विवेचना के बाद अरमान,अफरोज, कन्हैया निवासी हुसैनपुर सोरों, विजय निवासी मौजपुर सोरों, सचिन निवासी मनकापुर सोरों को चांड़ी चौकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से दो बोरी धान, 15 कंबल छोटे, 10 डबल बैड कंबल, 18 सिंगल बैड कंबल, 10 रजाई कवर, एक बडा टेडीबीयर, सात मध्यम टेडीबीयर, नौ छोटे टेडी बीयर तथा चोरी की कार, एक मोटर साईकिल, तीन तमंचा व पांच कारतूस , 3200 रुपये नकद बरामद किए।

# दिल्ली में दमघोंटू प्रदूषण की वजह आई सामने, जानें अगले दो दिनों के बाद कैसा रहेगा मौसम?

दिल्ली में मौसम का मिजाज बदलने का क्रम जारी है. अब दिन में गर्मी के बाद रात को ठंड लगने लगी है. रविवार की रात पहली बार लोगों को ठंड का अहसास हुआ. वहीं, दिल्ली में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को वायु गुणवत्ता फिर से बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई. ऐसा हवाओं के न चलने की वजह से हुआ. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रविवार शाम चार बजे 355 दर्ज किया गया. जबकि शनिवार को यह 255 था. सीपीसीबी ने दिल्ली के 40 निगरानी केंद्रों में से 37 के आंकड़ों को साझा किया है. बवाना, बुराड़ी और जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई. दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और नोएडा में भी एक्यूआई बहुत खराब तथा फरीदाबाद और गुरुग्राम में खराब दर्ज की गई. सर्दियों के दौरान दिल्ली–एनस. ीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रैप टू लागू है. ग्रेडेड रि. स्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत आपातकालीन उपायों में वायु गुणवत्ता को चार चरणों लागू किया जाता है. पहला एक्यूआई 201 से 300 होने पर 'खराब', दूसरा चरण एक्यूआई 301 से 400 होने पर 'बहुत खराब', तीसरा चरण एक्यूआई 401 से 450 होने पर 'गंभीर' और चौथा चरण एक्यूआई 450 से ऊपर होने पर 'गंभीर प्लस' में वर्गीकृत है. दिल्ली में फिर खराब हुई आबोहवा भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में हवा की गति शून्य किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई. जबकि हवा की अनुकूल गति के कारण पिछले दो दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' से सुधरकर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई थी.सीपीसीबी के अनुसार रविवार को दिल्ली में प्रमुख प्रदूषक पीएम 10 और पीएम 2.5 चिन्हित किया गया. आंकड़ों के मुताबिक रविवार शाम पांच बजे पीएम 2.5 का स्तर 110.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया. पीएम 2.5 सूक्ष्म कण है जो श्वसन तंत्र में गहराई तक प्रवेश कर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है. पीएम 10 एक ऐसा कण है जिसका व्यास 10 माइक्रोमीटर या उससे कम होता है. हवा में मौजूद ये छोटे ठोस या तरल कण सांस के साथ फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं, जिससे दमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होने की आशंका रहती है.अगले दो दिनों तक प्रदूषण का खतरा सबसे ज्यादा वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए केंद्र की निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार रविवार को दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले धुएं का सबसे बड़ा योगदान था, जो लगभग 13 प्रतिशत था. इसने भविष्यवाणी की है कि अगले दो दिनों तक वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन की हिस्सेदारी दिल्ली के प्रदूषण में सबसे अधिक रहेगी. तापमान औसत से ज्यादामौसम विभाग के मुता. बिक सोमवार को शहर में आसमान साफ रहने की संभावन है. सोमवार को न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशरू 20 डिग्री सेल्सियस और 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है. आईएमडी के मुताबिक दिल्ली में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है. जबकि न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है.

### लग्जरी कार से महंगा घोड़ा, कीमत 82लाख रुपये, ऊंचाई 66 इंच. पीते हैं एक किलो घी जानें खासियत

आगरा के बाह में घोड़े और घोड़ियों का शौक लग्जरी गाड़ियों से भी मंहगा है। 29 से शुरु हो रहे बटेश्वर मेले के लिए पहुंच रहे घोड़े–घोड़ियों की कीमत यह बताती है। एक जोड़े घोड़े की कीमत 82 लाख रुपये रखी गई है।

### आगरा के चांदी कारोबारी की पटना में गोली मारकर हत्या,फ्लैट में घुसकर किया हमलाय परिजनों में मचा को. हराम

आगरा के प्रमुख सराफा कारोबारी अवधेश अग्रवाल की रविवार की रात पटना के बाकरगंज में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। आगरा के प्रमुख सराफा कारोबारी अवधेश अग्रवाल की रविवार की रात पटना के बाकरगंज में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। वो व्यापार के सिल. सिले में पटना गए हुए थे। थाना हरीपर्वत क्षेत्र के परिणय कुंज के रहने वाले सराफा कारोबारी अवधेश अग्रवाल का बिहार में चांदी की पायल का बड़ा काम है। उनकी फर्म का पटना के बाक. रगंज में कार्यालय है। रविवार की रात 11 बजे अवधेश अग्रवाल अपने कार्यालय से निकले थे। हमलावरों ने उनके फ्लैट में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस हत्या की वजह और हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। घटना की जानकारी से परिवार में को. हराम मच गया।

### पुस्तक विक्रेता पर हमला, आधा दर्जन युवकों ने बीच बाजार की मारपीट

मथुरा के भैंस बहोरा बाजार में किताब वापस करने को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान लाठी–डंडे लेकर आए युवकों ने दुकानदार पर हमला बोल दिया। जमकर मारपीट की गई। घटना के बाद आक्रो. शित दुकानदारों ने बाजार बंद कर दिया। मथुरा शहर कोतवाली के भैंस बहोरा के समीप किताब वापस करने को लेकर हुए विवाद में दुकानदार की लाठी–डंडों से पिटाई से व्यापारियों में आक्रोश है। पुस्तक विक्रेताओं ने रविवार को दुकानें बंद रखकर विरोध जताया। इसकी सूचना एसपी सिटी को हुई तो वह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दुक. ानदारों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया और बाजार खुलवाया।क. ोतवाली थाना क्षेत्र के भैंस बहोरा में रवि अग्रवाल की कॉलेज बुक डिपो के नाम से दुकान है। शनिवार दोपहर उनके बेटे शोभित अग्रवाल दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान कुछ युवक एक किताब को वापस करने आए। इस पर उनके पुत्र ने युवक ने थोड़ी देर बाद आने की बोला। इसको लेकर युवक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर युवक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ आया और उनके पुत्र को दुकान से खींचकर बाहर निकाला और लाठी–डंडों से पीटना शुरू कर दिया। आसपास के दुकानदार एकत्रित हुए तो हमलावर भाग गए।रविवार को भैंस बहोरा क्षेत्र के पुस्तक विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रख विरोध जताया। इसकी सूचना एसपी सिटी डॉ. अरविंद सिंह को हुई तो वह कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आक्रो. शित दुकानदारों को समझा बुझाकर शांत किया। तब जाकर दुकानदार अपनी दुकान खोलने के लिए राजी हुए।दर्ज हुआ मुकदमा एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे देखकर हमलावरों की पहचान की जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज हो गया है। जल्द ही हमलावरों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

# पीडीए ना तो बंटेगा न कटेगा.जो ऐसी बातें करेगा बाद में पिटेगाCM Yogi के बयान पर शिवपाल का पलटवार

मैनपुरी की करहल सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार करने शिवपाल यादव पहुंचे थे। यहां उन्होंने इस बयान को देकर मामले को और भी हवा दे दी है। मैनपुरी के घिरोर में रविवार को पहुंचे सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सीएम योगी के बयान पर पल. टवार कर राजनीति को हवा दे दी है। उन्होंने कहा कि पीडीए न तो कटेगा न बटेगा, जो ऐसी बातें करेगा वो बाद में पिटेगा।सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार ये बयान दे रहे हैं कि कटोगे तो बटोगे। वहीं शनिवार को मथुरा के परखम में आयोजित आरएसएस के कार्यक्रम में भी संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी इस बयान का समर्थन किया था। रविवार को घिरोर के गांव शाहजहांपुर पहुंचे सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने इस पर पलटवार किया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीडीए न तो कटेगा न बटेगा जो ऐसी बातें करेगा वो बाद में पिटेगा। इस बयान को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। राजनीति गलियारों में शिवपाल सिंह के इस बयान की चर्चा है।अनुजेश से रिश्तेदारी हो गई खत्म गांव शाहजहांपुर में सभा को संबोधित करने पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी और अपने रिश्तेदार अनुजेश यादव पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि अनुजेश से अब रिश्तेदारी खत्म हो गई है। उन्होंने ये भी आश्वस्त किया कि अब कभी उन्हें सपा में नहीं शामिल किया जाएगा। उनके साथ सांसद डिंपल यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव और प्रत्याशी तेजप्रताप यादव भी थे। भाजपा पर साधा निशाना भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कुछ काम नहीं करती है। सुबह जब टीवी खोलो तो गरीबी दूर हो गई और सब को नौकरियां भी मिल गईं। हकीकत में संविदा और ठेकेदारी पर जो नौकरी मिल रही है उससे घर नहीं चल रहा है। ठेकेदार द्वारा जो नौ. करी मिल रही है, उसमें भी 50 हजार रुपये पहले जमा करवा लेते हैं।

# कोर्ट में बुर्का पहनकर पहुंची महिला, देखते ही मची अफरा-तफरी

बुलंदशहर. उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां तहसील शिकारपुर में दबंग के डर से हिंदू महिला बुर्का पहनकर तहसील कोर्ट पहुंची. जबकि तहसीलों में फरियादियों की सुनने वाला कोई नहीं है. जमीन से संबधित मामलों में बिना पैसा के तहसीलों में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी फरियादियों की सुनते नहीं है. ऐसा आरोप पीड़ित महिला ने लगाया है.पीड़ित महिला दबंग के डर से बुर्का पहनकर तहसील कोर्ट पहुंची और अपनी पहचान छुपा कर नायब तहसीलदार के कोर्ट में सुनीता नाम की पीड़िता पेश हुई. पीड़िता पिछले 4 साल से तहसील शिकारपुर के चक्कर लगा रही है, लेकिन बावजूद इसके तहसील प्रशासन ने अभी तक इस महिला की फाइल में कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि इस महिला को हर बार की तरह तारीख पर तारीख दी जा रही है.इस संबंध में महिला जिलाधिकारी बुलंदशहर से भी कई बार मिली,

लेकिन तहसील प्रशासन जिलाधिकारी का भी कोई आदेश मानने को तैयार नहीं है. आप वीडियो में जिस महिला को बुर्का पहन कर रोता हुआ देख रहे हैं वह कोई मुस्लिम महिला नहीं बल्कि हिंदू महिला है. इसका नाम सुनीता है.

और गांव के दबंग रईशजादों के डर से बुर्का पहनकर तहसील कोर्ट पहुंचने को मजबूर हुई है.

# दिल्ली में दिवाली पर पटाखा छोड़ने वालों की खैर नहीं, मंत्री ने एलजी को चिट्ठी लिख की ये मांग

दिल्ली दिवाली को प्रकाश और पटाखों का पर्व माना जाता है, लेकिन पिछले कुछ सालों से जानलेवा वायु प्रदूषण की वजह से पटाखे जलाने की इजाजत नहीं होती है. इसके बावजूद कोई पटाखा जलाता है उसे गैर कानूनी माना जाता है. इसके बावजूद बड़ी संख्या में पटाखे दिल्ली के लोग हर साल दीवाल पर जलाते हैं. इस बात को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एलजी विनय सक्सेना को एक पत्र लिखा है. दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उपराज्यपाल विनय सक्सेना को लिखे पत्र में पटाखों की अवैध बिक्री और वितरण में शामिल ला. `गों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कराने की मांग की है. उन्होंने एलजी से अपील की है कि पटाखों की अवैध बिक्री और पड़ोसी राज्यों से उसके आवक रोक लगवाएं. उन्होंने अपने पत्र में दिल्ली पुलिस द्वारा पटाखा विक्रेताओं का नियमित निरीक्षण करने और दिल्ली की सीमाओं पर सतर्कता बढ़ाने का भी अनुराध एलजी से किया है. दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के मुताबिक, ष्इस समय प्रदूषण के स्तर को देखते हुए अगले 15 दिन पूरे उत्तर भारत के लिए काफी अहम साबित होने वाले हैं. अगले 15 दिनों में सरकार की तरफ से हमारी कोशिश हैकि प्रदूषण नियंत्रण की सभी गतिविधियों में तेजी लाई जाए. कल



केंद्रीय कृषि एवं पर्यावरण मंत्रियों और पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मंत्रियों के साथ हुई संयुक्त बैठक में हमने अनुरोध किया कि ये सभी सरकारें अगले 15 दिनों तक निगरानी करें. इस काम में लोगों को भी सहभागी बनाएं. उन्होंने आगे कहा, पराली जलाने की घटनाएं कम हो रही हैं, लेकिन अगले 15 दिनों में इस पर कड़ी निगरानी के साथ नियंत्रण करने की जरूरत है. दिवाली आने वाली है और पटाखों से होने वाले धुएं पर नियंत्रण करने की जरूरत है. सभी को कम से कम अगले 15 दिनों तक लाल बत्ती पर अपने वाहन बंद करने होंगे. जितना हो सके सार्वज. निक परिवहन का इस्तेमाल करना होगा. मैं सभी दिल्लीवासियों से अनुरोध करता हूं कि अगर आपको कहीं भी आग लगती दिखे तो ग्रीन दिल्ली ऐप डा. उनलोड करें और उसकी फोटो पोस्ट करें ताकि कार्रवाई की जा सके.

# विदेश में भी मनाई जाती है दिवाली, अमेरिका के स्कूल भी रहेंगे बंद

दिवाली भारत के सबसे प्रमुख त्योहारों में शामिल है. इसका सेलिब्रेशन 4–5 दिनों तक चलता है. इस खास पर्व पर लोग सोना, चांदी, गाड़ी, बर्तन, नए कपड़े आदि खरीदे जाते हैं. दिवाली पर स्कूल–कॉलेज समेत सभी शिक्षण संस्थान, बैंक और ऑफिस बंद रहते हैं. लोग घरों व प्रतिष्ठानों में पूजा–पाठ करते हैं, दोस्तों–रिश्तेदारों से मिलते हैं और अच्छे खान–पान का लुत्फ उठाते हैं. अब भारत के साथ ही कई अन्य देशों में भी दिवाली की छुट्टी रहती है.लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि कई अन्य देशों में भी इस त्योहार का उतना ही महत्व है? नेपाल, बाली, सिंगापुर समेत कई देशों में दिवाली पर खूब रौनक रहती है. अमेरिका के कुछ स्टेट्स में भी दिवाली की सरकारी छुट्टी रहती है. इससे आप समझ सकते हैं कि सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका व अन्य कई देशों में भी दिवाली की छुट्टी रहेगी. अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति दिवाली के खास अवसर पर व्हाइट हाउस में दीप भी प्रज्वलित करते हैं . संयुक्त राष्ट्र अमे. रिका के पेनसिल्वेनिया प्रांत ने दिवाली पर्व के मौके पर ऑफिशियल छुट्टी घोषित करने वाला एक कानून पास किया है. इस विधेयक को पेनसिल्वेनिया सीनेट ने 50–0 से पास किया. बता दें कि पेनसिल्वेनिया में करीब 2,00,000 साउथ एशियंस रहते हैं और उनके लिए रोशनी का उत्सव एक खुशी का मौका होता है.पिछले साल न्यूयॉर्क के मेयर



एरिक एडम्स ने 2023 से न्यूयॉर्क सिटी में स्थित स्कूलों में दिवाली के दिन सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की थी (छमू ल्वता क्यूंसप भ्वसपकंल). यहां ईद पर भी छुट्टी रहती है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दिवाली का त्योहार सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में बसे हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन लोग हंसी–खुशी के साथ मनाते हैं. भारत के अलावा भी कई देशों में दिवाली पर आ. तिशबाजी की जाती है.

# कैसे मनेगी दिवाली बच्चे मांग रहे पटाखे, 13 कर्मचारियों के हाथ खाली, सात महीने से नहीं मिला वेतन

जल निगम ने नगला मसानी, महेंद्र नगर कालीदह, भुजपुरा और मथुरा रोड पर नलकूप बनवाए थे। इसके बाद मार्च 2024 को नगर निगम के जलकल विभाग को हस्तांतरित कर दिया था। नलकूप संचालन के लिए कर्मचारी रखे गए थे, जिन्हें जल निगम ने फरवरी 2024 तक वेतन दिया थादिवाली पर नगर निगम के स्थायी कर्मचारी से लेकर अफसर तक दिवाली मनाएंगे, लेकिन 13 नलकूप कर्मचारियों की दिवाली कैसे मन. ेगी, क्योंकि उनके हाथ खाली हैं। पिछले सात महीने से उन्हें वेतन नहीं मिल पाया है। महापौर से लेकर नगर आयुक्त तक वेतन को लेकर कर्मचारी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ उनसे आश्वासन ही मिला है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों का परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है।जल निगम ने नगला मसानी, महेंद्र नगर कालीदह, भुजपुरा और मथुरा रोड पर नलकूप बनवाए थे। इसके बाद मार्च 2024 को नगर निगम के जलकल विभाग को हस्तांतरित कर



दिया था। नलकूप संचालन के लिए कर्मचारी रखे गए थे, जिन्हें जल निगम ने फरवरी 2024 तक वेतन दिया था। नलकूप जल कल विभाग को हस्तांतरित होने के बाद उसे नलकूप कर्मचारियों को वेतन देने की जिम्मेदारी थी, मगर ऐसा हो नहीं पाया।नलकूप कर्मचारी विष्णु कुमार, डाल चंद्र, जितेंद्र कुमार सारस्वत, भगवान सिंह, मानिक चंद्र, ओम प्रकाश, बिट्टू, जितेंद्र कुमार जैन, बबलू खान, शाहरुख, हनीफ, मुमताज अहमद, सूरज को सात महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन के अभाव में वह और उनके बच्चे दिवाली कैसे मनाएंगे। नगर निगम के अफसर वादा तो करते हैं, लेकिन निभाते नहीं हैं। इस संबंध में जलकल के अवर अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई चल रही है। कर्मचारियों को दिवाली से पहले वेतन मिल जाएगा।

## अलीगढ़ के अस्पताल में बुजुर्ग की इंजेक्शन लगने के बाद मौत, परिजनों से मारपीट, हंगामा

अलीगढ़ थाना सासनी गेट मूल चन्द्र गुप्ता नामक व्यक्ति बुखार के इलाज के लिए शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती हुआ, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की बेटी का आरोप है कि हॉस्पिटल में लापरवाही के कारण उसके पिता की जान गई। जब उसने विरोध किया तो हॉस्पिटल स्टाफ ने उसके साथ मारपीट की और फाइल पर जबरदस्ती साइन करवाने की को. शिश की।बेटी का कहना है कि इलाज में लापरवाही के चलते इंजेक्शन लगाने के तुरंत बाद उसके पिता ने दम तोड़ दिया। इस पर जब उसने आवाज उठाई, तो हॉस्पिटल मालिक सुमित सर्राफ और उनके स्टाफ ने मारपीट की, जिसमें बेटी



गुंजन और उसकी मां और भाई को भी निशाना बनाया गया। पीड़ित परिवार के मुताबिक, हॉस्पिटल संचालक ने मृतक के शव को फॉर्च्यूनर गाड़ी में डालकर मेडिकल कॉलेज भेज दिया ताकि हॉस्पिटल पर लगे आरोप सिद्ध न हो पाएं।वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि हॉस्पिटल मालिक सुमित सर्राफ की दबंगई इतनी है कि उसके खिलाफ कोई भी अधिकारी कार्यवाही करने से कतराता है। घटना के बाद पीड़ित परिवार थाना सासनी गेट पहुंचकर न्याय की गुहार लगा रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## अलीगढ़ में 23 महीने में हेपेटाइटिस के 2378 रोगी कर गए रक्तदान, डोनेट रक्त की जांच में हुआ खुलासा

जेएन मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में अक्तूबर 2022 से सितंबर 2024 तक हुए रक्तदान में 1628 यूनिट रक्त ऐसा निकला जो हेपेटाइटिस बी से संक्रमित था। 600 लोगों के रक्त में हेपेटाइटिस सी मिला। मलखान सिंह जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में करीब 150 लोगों के रक्त में हेपेटाइटिस बी और सी मिला।अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल द्वारा लगाए गए कैंपों में 2378 ऐसे भी लोग रक्तदान कर गए जो हेपेटाइटिस–बी और सी के मरीज थे। डोनेट किए गए रक्त की जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है। रक्तदाताओं में कई एचआईवी पॉजिटिव भी सामने आए हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा इन सभी लोगों को बता दिया है कि वह रोगी हैं और अपना इलाज कराए। इनमें से अधिकांश की उम्र 22 से 35 साल के करीब है।जेएन मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में अक्तूबर 2022 से सितंबर 2024 तक हुए रक्तदान में 1628 यूनिट रक्त ऐसा निकला जो हेपेटाइटिस बी से संक्रमित था। वहीं, 600 लोगों के रक्त में हेपेटाइटिस सी मिला। इसी तरह मलखान सिंह जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में हुए रक्तदान में इसी समयावधि में करीब 150 लोगों के रक्त में हेपेटाइटिस बी और सी मिला। इन सभी को ब्लड बैंक की तरफ से फोन कर तत्काल उपचार लेने की सलाह दी गई है।रक्तदान वाले रक्तदाताओं को जांच रिपोर्ट से अवगत कराया जाता है, ताकि वह समय से अपनी बीमारियों का उपचार करा सकें। जो रक्त शुद्ध होता है, उसका प्रयोग होता है। बाकी को नियमानुसार निस्तारित कर दिया जाता है।

हेपेटाइटिस के मामले औसतन कम आते हैं।–नीरज त्यागी, सीएमओ, अलीगढ़जेएन मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी प्रोफेसर जसीम हसन ने कहा है कि रक्तदाता से जो रक्त लिया जाता है, उसकी जांच की जाती है। अगर उसमें हेपेटाइटिस या अन्य कोई गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं तो इसकी जानकारी मरीजों को देकर उन्हें सजग किया जाता है। ऐसे रक्त का प्रयोग नहीं किया जाता है।–प्रोफेसर जसीम हसन, ब्लड बैंक प्रभारी, जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ संक्रमित रक्त को इस तरह किया जाता है नष्ट जिला अस्पताल के लैब तकनीशियन रतन गुप्ता ने बताया कि संक्रमित रक्त में सोडियम हाइपोक्ला. ेराइट डालकर उसे ऑटो क्लैब मशीन में उबालकर वायरस को नष्ट किया जाता है। उसके बाद रक्त को बायोमेडिकल वेस्ट में भेज दिया जाता है।जिला अस्पताल में हर साल पहुंचते हैं 300 मरीजजिला अस्पताल में साल में करीब 250 मरीज हेपेटाइटिस बी के और करीब 50 मरीज हेपेटाइटिस सी से ग्रसित होकर आते हैं। पं. दीनदयाल अस्पताल की पैथ लैब में पिछले दो माह में खून की जांच कराने आए मरीजों में 44 हेपेटाइटिस बी से संक्रमित पाए गए।ह. ेपेटाइटिस के प्रकार व कैसे फैलता है हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई प्रकार का होता है। हेपेटाइटिस बी और सी के चलते यकृत का कैंसर, सिरोसिस, यकृत फेल भी हो सकता है। ये ज्यादातर दूषित थूक, बलगम या पेशाब के संपर्क में आने से फैलता है। असुरक्षित इंजे. क्शन, संक्रमित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित मां से बच्चे में फैलता है। हेपेटाइटिस फैलने की एक वजह दूषित जल भी है।हेपेटाइटिस के लक्षणबुखार, कमजोरी, भूख की कमी, दस्त, उल्टी, पेट में दर्द, गहरे रंग का पेशाब, पीलिया (त्वचा और आंखों के सफेद भाग का पीला होना)

## डॉ० शन्नो रानी सरस्वती कन्या महाविद्यालय, सिंघारपुर मथुरा रोड में आज धनतेरस सहित दीपावली पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

डॉ० शन्नो रानी सरस्वती कन्या महाविद्यालय, सिंघारपुर मथुरा रोड में आज धनतेरस सहित दीपावली पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के सचिव श्रीमान प्रमोद गर्ग जी ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सर्वप्रथम छात्रा निधि ने अपनी अंग्रेजी स्पीच के माध्यम से दीपावली का महत्व समझाया। माता शबरी का राम से मिलन प्रसंग सुनाया। छात्राओं ने दिवाली का उत्सव मनाने के लिए अनेकों मिठाईयां व पाव भाजी, आलू चाट जैसे व्यंजन बनाए।रेशम, निधि, ज्योति , लवी ,लता, खुशी, दुर्गेश,आफरीन, करीना,संगीता,बेबी,निशा,मनीषा,रूबी, जुनेजा,पूनम,मधु,सुमन द्वारा मटका स्वीट, पाव भाजी, बेसन लड्डू, काजू कतली, पेठा लड्डू, गुलाब जामुन अनेकों मिठाईयां बनाई गई।विद्यालय के सचिव श्री प्रमोद गर्ग जी ने सभी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया, उन्होंने कहा जो भी हम मिठाई खाते है या बनाते है उसको खाने के क्या फायदे है कौन कौन से विटामिन या मिनरल्स हमको उस खाने में मिल रहे है ये ज्ञात होना चाहिए।आज का दिन स्वास्थ्य पर्व के रूप में भी है और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः की कामना करने का पर्व है।

विद्यालय के निदेशक श्री विशाल सक्सेना जी ने सनातन धर्म में त्यौहारों का महत्व एवं इन्हें जीवन में उत्साह भरने वाला बताया। आचार्या रचना उपाध्याय ने नरकासुर वध और गोवर्धन पूजा के विषय में बताया।

दीपावली पर पटाखे से सावधानी और माता–पिता के साथ ही पटाखे चलाने की बात कही।

इस अवसर पर वसुन्धरा सिंह, रचना उपाध्याय, साक्षी दीक्षित, पुष्पेंद्र अग्रवाल , नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन ने बच्चो के साथ मनाया अपना जन्मदिन

अलीगढ़ सोमवार को युवा कांग्रेस आ. उटरिस सेल के प्रदेश अध्यक्ष व कांग्रेस दिलाएगी न्याय कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी शरद बंसल ने अपना जन्मदिन पला भदेशी स्तिथ मलिन बस्ती के एक स्कूल मे बच्चों के साथ केक काटकर व बच्चो को खाद्य सामग्री वितरित करमनाया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह अपना जन्मदिन हर वर्ष इसी प्रकार बच्चो के साथ मानते आए है ओर ऐसा करने पर उन्हें खुशी व संतुष्टि मिलती है।विद्यालय प्रबंधक सोनू शर्मा ने बच्चों की तरफ से युवा नेता शरद बंसल जी का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि हम इस विद्यालय में गरीब बच्चों को बहुत हीनिम्न शुल्क पर शिक्षा दे रहे हैं ताकि उन्हें साक्षर बनाया जा सके। इस अवसर पर चंचल प्रजापति, प्रिया, प्रियंका, अंजलि, कोमल, रूबी खुसबू, रेखा, रूपकिशोर,पूजा आदि विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



## डीईओ ने निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक धनीपुर मण्डी परिसर को किया अधिग्रहीत

अलीगढ़ 71–खैर (अ०जा०) विधानसभा निर्वाचन–2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए पोलिंग पार्टियों का प्रस्थान, वापसी, मतगणना का कार्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति, धनीपुर में सम्पादित कराया जाना हैं, जिसके लिए मण्डी स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार पूर्ण कराने के लिए मण्डी स्थल की तत्काल आवश्यकता है।जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, धनीपुर के सम्पूर्ण स्थल व परिसर को लोक प्रति. निधित्व अधिनियम की धारा 160 के अधीन तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य की समाप्ति तक के लिए अधिग्रहीत कर लिया गया है। उन्होंने मण्डी के सचिव को निर्देशित किया है कि वह निर्वाचन संबंधी कार्य स्थल पर विद्युत, पानी समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की सम्पूर्ण व्यवस्था तत्काल कराना सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाएं समयान्तर्गत करायी जा सकें।



## धनतेरस से पहले वीकेंड पर बाजार ने पकड़ी रफ्तार



धनतरेस से पहले रविवार को बाजार में बंपर खरीदारी हुई। त्योहार से पहले वीकेंड की छुट्टी पर लोग घरों से बाजार निकले और जमकर खरीदारी की। सुबह से लेकर देररात तक बाजार में खरीदारी का दौर चला। हर सेक्टर में ग्राहक बड़ी संख्या 1 में में पहुंचे। धनतेरस व दीपावली से पहले कारोबारियों के चेहरे खिल गए। दीपावली से पहले अब कोई अवकाश नहीं है। ऐसे में रविवार को खरीदारी के साथ लोगों ने दीपावली की तैयारी की।बाजार रविवार को ग्राहकों की खरीदारी से झूम उठा। 250 करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान है। सराफा, रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रिानिक, ऑटोमोबाइल, बर्तन, फुटवियर, टे. क्सटाइल, मिठाई सेक्टर में बंपर सेल हुई। 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। 30 अक्टूबर तक सरक. ारी कार्यालय खुले हैं। इस बार धनतेरस व छोटी दीपावली पर भी छुट्टी नहीं है। ऐसे में लोगों को पास खरीदारी को रविवार का मौका अच्छा था। इसको लेकर बाजार भी सज कर सुबह से तैयार हो गए थे। आलम यह था कि दोपहर 12 बजे के बाद अधिकांश सड़कों व बाजारों में जाम की स्थिति बनी रही। रेलवे रोड, सराफा मार्केट, ढपरा मार्केट, बड़ा बाजार, कनवरी गंज, नौरंगाबाद, आगरा रोड, सासनी गेट, हाथरस अड्डा, मामू भांजा, सेंटर प्वाइंट, मैरिस रोड समेत सभी प्रमुख बाजारों में खरीदारी को लेकर भीड़ रही। ग्राहकों की खरीदारी से बाजार झूम उठा। कारोबारियों की मानें तो 250 करोड़ से अधिक का कारोबार वीकेंड पर हुआ है। लोगों ने दीपावली की तैयारी पूरी कर ली।खरीदारी से चमके बर्तन व सराफा बाजार में दोपहर से लेकर रात तक खरीदारी करने वालों की भीड़ रही। सराफा मार्केट में पैर रखने की जगह नहीं थी। यही स्थिति रेलवे रोड, महावीर गंज मार्केट में रही। महावीर गंज मार्केट में बर्तन व कपड़ों की खरीदारी लोगों ने खूब की। सराफा मार्केट में ज्वैलरी की खरीदारी से लेकर बुकिंग का काम कराया। वहीं दूसरी ओर रामघाट रोड, आगरा रोड पर लोगों ने बर्तनों के साथ गिफ्ट आइटमों की पैकिंग कराई।धनतेरस से पहले बुकिंग व डिलि. वरी ग्राहकों ने लीधनतेरस से पहले रविवार को वाहनों की डिलिवरी के साथ लोगों ने बुकिंग भी कराई। रविवार को ऑटोमोबाइल सेक्टर की चांदी रही। बड़ी संख्या में वाहनों की डिलिवरी हुई। शनिवार के कारण वाहनों की डिलिवरी लोगों ने नहीं ली थी। रविवार को शोरूमों पर वाहन लेने वालों की भीड़ लगी रही। देव मोटर्स, आरएस होंडा, सीएम होंडा समेत अन्य शोरूमों पर भीड़ रही।सजावटी सामान से लेकर लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों की बिक्रीबाजार में रेडीमेड कपड़े, मिठाई, सोना–चांदी, वाहनों के अलावा सजावटी सामानों की खूब बिक्री हुई। साज सज्जा को लेकर सड़क किनारे लगे स्टालों पर लोगों ने खरीदारी की। रात होती है रंग बिरंगी रोशनी में बाहर नहा उठा। महावीर गंज, सराफा समेत अन्य बाजारों को व्यापारियों ने सजा दिया है।वीकेंड पर कारोबार अच्छा रहा। बड़ी संख्या में ग्राहक निकले। खरीदारी के साथ एडवांस में बुकिंग भी कराई गई। पर्दे, कंबल साड़ी, गाउन समेत अन्य वस्त्रों की बिक्री हुई। पंकज अग्रवाल, स्वदेशी शोरूम ।त्योहार से पहले बाजार में खज. ेदारी करने के लिए ग्राहक रविवार को निकले। बाजार में अच्छा मूवेमेंट ग्राहकों का रहा। इससे व्यापारियों को काम मिला। बाजार में फंड आएगा तो इससे आगे की चेन भी चलती रहेगी। ट्रेडिंग से उत्पादन इकाई का भी संचालन बेहतर होता है। राजीव अग्रवाल, रेमंड महावीरगंज

# धनतेरस 100 साल बाद 5 दुर्लभ योग में मनाई जायेगी

दीपावली (क्ममचूंसप) से पहले खरीदारी का दूसरा महामुहूर्त धनतेरस 29 अक्टूबर को रहेगा. इस दिन खरीदारी का तीन गुना लाभ देने वाला त्रिपुष्कर के साथ ही लक्ष्मीनारायण योग भी बनेगा. इस दिन सोना–चांदी, बर्तन के साथ भूमि–भवन, इलेक्ट्रानिक सामग्री के साथ ही सभी प्रकार की चल–अचल संपति की खरीदी में निवेश लाभप्रद होगा.पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर – जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 को होगा. धनतेरस नाम ष्धनष और ष्तेरसष शब्दों से आया है जहां धन का अर्थ धन और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर का 13 वां दिन है. इस दिन भगवान धन्वतरि जो स्वास्थ्य के देवता हैं उनकी पूजा की जाती है. इनकी आराधना से रोग से मुक्ति मिलती है. हालांकि, धनतेरस के दिन कुबेर देव और देवी लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है. इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है. कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि कीशुरुआत मंगलवार 29 अक्टूबर को सुबह 10.32 से 30 अक्टूबर को दोपहर 1.16 बजे तक रहेगी. इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है. इसमें किए गए कार्य के प्रभाव को तीन गुना बढ़ा देता है. इस योग में शुभ कार्यों को करना उत्तम माना जाता है. साथ ही ऐसे कार्यों, जिसमें हानिसंभावित हो उन्हें करने से बचना चाहिए. इसके अतिरिक्त शुक्र पहले से वृश्चिक राशि में है, जबकि धनतेरस पर वृश्चिक राशि में बुध के आने लक्ष्मीनारायण योग भी निर्मित होगा.धनतेरस पर तीन गुना फायदा देने वाला योग अनीष व्यास ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस पर तिथि वार और नक्षत्र से मिलकर त्रिपुष्कर नाम का शुभ योग बन रहा है. इस शुभ योग में किए गए निवेश से तीन गुना फायदा मिल सकता है. त्रिपुष्कर योग में खरीदारी भी तीन गुना शुभ और फायदेमंद मानी जाती है. इस दिन बि. जनेस और शुभ कामों की शुरुआत करनी चाहिए. जो लोग 30 तारीख को खरीदी करना चाहते हैं, उनके लिए अगले दिन सर्वार्थसिद्धि योग में खरीदारी करना भी शुभ फलदायी रहेगा. धनतेरस तिथि पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 29 अक्टूबर सुबह 10:32 बजे से से होगा. यह तिथि अगले दिन 30 अक्टूबर दोपहर 01रू16 बजे तक रहेगी. चूंकि धनतेरस कात्योहार प्रदोष काल में मनाने की परंपरा है, इसलिए यह 29 अक्टूबर को मनाई जाएगी.त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ –29 अक्टूबर सुबह 10रू32 बजे सत्रयोदशी तिथि समाप्त दृ 30 अक्टूबर दोपहर 01रू16 बजे तकधनतेरस पर शुभ योग (कींदजमतें 2024 धनतेरस पर इस बार 100 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, धनत्रयोदशी यानी धनतेरस के दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं. ऐसे में पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा.इंद्र योग – 28 अक्टूबर 2024, सुबह 6:48 – 29 अक्टूबर 2024, सुबह 07:48 तक त्रिपुष्कर योग – 06:31 – सुबह 10:31 लक्ष्मी–नारायण योग – धनतेरस के दिन वृश्चिक राशि में शुक्र और बुध एक साथ विराजमान रहेंगे, ऐसे में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा. शश महापुरुष राजयोग – धनतेरस पर शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में रहेंगे. जिससे शश महापुरुष राजयोग बनेगा, ऐसे में शनि की कृपा भी प्राप्त



होगी.खरीदारी के लिए चौघड़िया सुबह 9.18 से 10.41 बजे तक.लाभ रू सुबह 10.41 से दोपहर 12.05 और शाम 7.15 से 8.51 बजे तक.अमृत रू दोपहर 12.05 से 1.28 बजे तक.शुभ :दोपहर 2.51 से 4. 15 बजे तक प्रदोषकाल में पूजन मुहूर्त 1 घंटा 31 मिनटडॉक्टर अनीष व्यास ने बताया कि धनतेरस से पंच पर्व की शुरुआत होगी. भगवान धन्वंतरि के अति. रिक्त सुख–समृद्धि के लिए धन लक्ष्मी और कुबेर का पूजन किया जाता है. इसके साथ अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति के लिए यम दीप दान करते हैं. लक्ष्मी–कुबेर पूजन के साथ यम दीप दान के लिए प्रदोषकाल में शाम 6.31 से रात 8.13 बजे तक 1 घंटा 42 मिनट का श्रेष्ठ समय है. प्रदोषकाल शाम 5.38 से रात 8.13 बजे तक रहेगा.29 अक्टूबर को धनतेरस पर दीपदान की होगी शुरुआत धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है. धनतेरस के दिन से दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है. मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे. इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है. कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने–चांदी, बर्तन, जमीन–जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है. चिकित्सकअमृतधारी भगवान धन. वन्तरि की पूजा करेंगे. इसी दिन से देवता यमराज के लिए दीपदान से दीप जलाने की शुरुआत होगी और पांच दिनों तक जलाए जाएंगे. लोकाचार में इस दिन खरीदे गए सोने या चांदी के धातुमय पात्र अक्षय सुख देते हैं. लोग नए बर्तन या दूसरे नए सामान खरीदेंगे.

## सालासर बालाजी मंदिर में कब होगी दिवाली की पूजा और कब बटेगा अन्नकूट का प्रसाद

राजस्थान के चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी का मंदिर है, जोकि बहुत प्रसिद्ध है. यह देश का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान हनुमान की ऐसी प्रतिमा है जिसमें दाढ़ी–मूंछ है और इसके पीछे भी एक रोचक रहस्य है.यह मंदिर अपनी दिव्य शक्तियों के लिए जाना जाता है और यहां स्थित हनुमान जी की मूर्ति को बालाजी कहा जाता है. वैसे तो इस मंदिर में मंगलवार के दिन भक्तों की भारी भीड़ रहती है. साथ ही हिंदू धर्म ) के विशेष त्योहारों में भी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है. दिवाली के मौके पर भी यहां श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं.इस साल दिवाली की डेट को लेकर बहुत असमंजस की स्थिति बनी हुई थी. हालांकि काशी में विद्वानों और ज्योतिषों की बैठकर के बाद दिवाली की तिथि को लेकर बनी समस्या का निवारण किया गया और अब भ्रम की स्थिति धीर–धीरे साफ होने लगी है. बैठकर के बाद यह निर्णय लिया गया है कि 31 अक्टूबर 2024 को दिवाली का पर्व मनाना धर्म संगत और शास्त्र सम्मत होगा.दिवाली के दिन बालाजी मंदिर सालासर में भी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं. ऐसे में श्रद्धालु भी असमंजस में थे कि मंदिर में दिवाली की पूजा कब की जाएगी और दर्शन के लिए किस



दिन पहुंचे. हाल ही में सालासर मंदिर द्वारा इस बात की जानकारी दी गई कि सालासर बालाजी मंदिर में भी दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा.इस साल दिवाली की डेट को लेकर बहुत असमंजस की स्थिति बनी हुई थी. हालांकि काशी में विद्वानों और ज्योतिषों की बैठकर के बाद दिवाली की तिथि को लेकर बनी समस्या का निवारण किया गया और अब भ्रम की स्थिति धीर–धीरे साफ होने लगी है. बैठकर के बाद यह निर्णय लिया गया है कि 31 अक्टूबर 2024 को दिवाली का पर्व मनाना धर्म संगत और शास्त्र सम्मत होगा.दिवाली के दिन बालाजी मंदिर सालासर में भी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं. ऐसे में श्रद्धालु भी असमंजस में थे कि मंदिर में दिवाली की पूजा कब की जाएगी और दर्शन के लिए किस दिन पहुंचे. हाल ही में सालासर मंदिर द्वारा इस बात की जानकारी दी गई कि सालासर बालाजी मंदिर में भी दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा.हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से दिवाली और अन्नकूट से जुड़ी जानकारी दी गई. श्री बालाजी मंदिर सालासर के पुजारी राजेंद्र जी ने बताया कि मंदिर में दीपावली पूजन 31 अक्टूबर गुरुवार को होगा. वहीं 2 नवंबर को अन्नकूट का आयोजन रखा गया है.



150 वर्ष बाद लक्ष्मीनारायण राजयोग के साथ 4 शुभ योगों का संयोग धनतेरस पर बनेगा। सुबह से शाम तक शुभ योग धनतेरस पर बन रहा त्रिपुष्कर योग सुबह 6.31 बजे से शुरू होकर सुबह 10. 31 बजे तक रहेगा। सुबह 7.48 बजे तक इंद्र योग है। उसके बाद वैधृति योग बनेगा। इस दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र शाम 6.34 बजे तक रहेगा। इसके बाद से हस्त नक्षत्र होगा। यही वजह हैकि 29 को धनतेरस, 30 को रूप चतुर्दशी, 31 अक्टूबर को दीपावली पर अच्छा कारोबार रहने की उम्मीद है।

## वृंदावन–राधा रमण मंदिर में कब है दिवाली

दिवाली नजदीक है, लेकिन इस बार देश के सबसे बड़े त्योहार की तारीख को लेकर दुविधा की स्थिति है. 31 अक. टूबर को दिवाली मनाई जानी है, लेकिन कई विशेषज्ञों ने बताया कि इस बार एक नवंबर को दिवाली मनाई जानी चाहिए. तो आइए ऐसे में जानते हैं कि वृंदावन, हरिद्वार व अयोध्या जैसे प्रमुख स्थानों पर संत महात्मा क्या कहते हैं?बात करें वृंदावन के प्रसिद्ध मंदिर राधा रमण मंदिर की तो वहां दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी. वहीं, श्री मलूकपीठ में भी गुरुवार यानी 31 अक्टूबर को दिवाली का पर्व है. श्री राजेन्द्र दास जी महाराज के इंस्टाग्राम पेज पर दी गई जानकारी के अनुसार, दीपावली 31 अक्टूबर को और अन्नकूट 2 नवंबर को मनाई जाएगी. जानकार बताते हैं कि वृंदावन के कई संत महात्मा एक नवंबर को भी दिवाली का पर्व मनाए जाने की बात कह रहे हैं. उधर हरिद्वार श्री भगवद् धाम आश्रम में दीपावली 1 नवंबर 2024 को मनाई जाएगी. महामंडलेश्वर डॉ स्वामी श्री विवेकानंद जी महाराज द्वारा 1 नवंबर को दीपावली का पूजन किया जाएगा. अयोध्या में कब मनाई जाएगी दिवाली? वीएचपी के प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया, श्दिवाली 31 अक्टूबर को है. द्रिक पंचांग पुष्टि करता है कि दिवाली कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि को मनाई जानी चाहिए. लक्ष्मी पूजा 31 अक्टूबर, 2024 को होगी.श्श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य अनिल मिश्रा ने भी पुष्टि की कि दिवाली उत्सव 31 अक्टूबर को निर्धारित है.दिवाली की तिथि और शुभ मुहूर्तहिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी. ऐसा माना जाता है कि भगवान राम रावण का वध करने के बाद अयोध्या लौटे थे. इस दिन, लोग अपने घरों को दीयों, रंगीन रंगोली और रोशनी से सजाते हैं और शाम को लक्ष्मी और गणेश की पूजा करते हैं.इस साल छोटी दिवाली और लक्ष्मी पूजा एक ही दिन यानी 31 अक्टूबर, 2024 को मनाई जाएगी.–लक्ष्मी पूजा मुहूर्त शाम 5 बजकर 36 मिनट से 6 बजकर 16 मिनट तक रहेगा.–प्रदोष काल – शाम 5:36 बजे से रात 8:11 बजे तक–वृषभ काल – शाम 6:20 बजे से रात 8:15 बजे तक–अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 3:52 बजे शुरू होगी और 1 नवंबर को शाम 6:16 बजे समाप्त होगी.





## 31 अक्टूबर के साथ-साथ 1 नवंबर का भी हो सार्वजनिक अवकाश, सौंपा ज्ञापन

दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाए या 1 नवंबर को३. इसे लेकर हर किसी के मन में असमंजस है। अधिकांश मंदिर, समाज और सभी व्यापारी संगठनों ने 31 अक्टूबर को ही दिवाली मनाने का निर्णय लिया है। पाठकों की जिज्ञासा को दूर करने पत्रिका ने व्यापारी संगठनों, समाजों से चर्चा की तो 31 को दिवाली मनाने का निर्णय सामने आया है। सबसे खास ये है कि शहर के आराध्य देव श्रीजी मंदिर की ओर से भी 31 को ही दिवाली मनाए जाने की बात कही गई है। मंदिर के पुजारी दुर्गाशंकर शर्मा ने बताया कि 2 नवंबर को अन्नकूट मनाया जाएगा। पंडित रा. जेश शर्मा ने बताया कि 31 अक. टूबर गुरुवार को दोपहर 03.52 मिनट से अमावस तिथि लगेगी जो कि दूसरे दिन 1 नवंबर शुक्रवार की शाम 6.17 मिनट तक रहेगी। दीपावली पर्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रदोष वेला एवं महा. निशीथ काल 31 को ही मिल रहे हैं। अतरू इस वर्ष दीपावली पर्व उदया चतुर्दशी तिथि में 31 को ही मनाया जाएगा। पर्व काल होने से संपूर्ण दिवस पर्यंत पूजन कर सकते हैं। कुछ जगह 1 नवंबर को दिवाली मनाई जाएगी। हालांकि इसकी संख्या न के बराबर रहेगी।

छबड़ा. त्योहारी सीजन में बाजार खिलखिला रहा है। अब धनतेरस के कारोबार से बाजार को उम्मीद है। यही वजह है कि इस बार धनतेरस का त्योहार ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस बार बेहद खास है। इस साल 29 अक्टूबर को धनतेरस है। इस दिन बुध ग्रह वृश्चिक राशि में प्रवेश कर शुक्र के साथ मिलकर लक्ष्मी नारायण राजयोग बनाएंगे।

इस दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का भी संयोग बनेगा। धनतेरस पर यह महासंयोग 150 वर्ष बाद बन रहा है। इस योग में कुबेर का पूजन श्रेष्ठ व शुभफलदायी माना जाता है।

ज्योतिष शास्त्र में बुध को बुद्धि और ऐश्वर्य का कारक और शुक्र को धन और भौतिक सुखों का कारक माना गया है। मान्यता है कि दोनों ग्रहों के मिलने से बनने वाला लक्ष्मी नारायण योग जीवन में तरक्की के नए रास्ते खोलता है।

### बांकेबिहारी को सर्दी का अहसास होते ही बदलने लगा भोगराग

वृंदावन सर्दी का अहसास होते ही आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के भोगराग में भी बदल गया है। सेवायत उसी के अनुसार उन्हें निवेदित कर रहे हैं।श्रीहरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी के अनुसार श्रीबांकेबिहारी मंदिर में पूरे साल मौसम के अनुरूप संपादित की जाने वाली सेवाविधि में आराध्य की षोडश (16) वर्षीय किशोर अवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसी भावसेवा का अनुसरण करते हुए शरद पूर्णिमा के बाद शीत का प्रभाव धीरे–धीरे बढ़ने पर आराध्य के भोगराग में भी तब्दीली की जाने लगी है। अब आराध्य को दैनिक भोग सामग्री में गर्म पदार्थ निवेदित किए जाने लगे हैं। सर्दी के प्रभाव से उन्हें बचाने के लिए भोग सामग्री में केसर, अखरोट, बादाम, काजू, पिस्ता आदि की मात्रा बड़ा दी गई है।ठाकुरजी को लगाए जाने वाले चंदन में केसर मिलाया जा रहा है। दूधभात, सभी भोग, माखन–मिश्री और रात्रि दूध में भी प्रचुर मात्रा में केसर मिलाई जा रही है। श्रीहरिदास पीठाधीश्वर के मुताबिक सर्दी से बचाव के लिए ठाकुरजी को अब सनील, बेलवेट और मोटी असरदार पा. `शाकें पहनाई जा रही हैं। रात्रि में ठाकुरजी के शयनकक्ष में सोने के बाद चार लड्डू, चार पान के जोड़े और रजत पात्र में जल रखा जाता है। इसकी वजह है कि रात में यदि बिहारीजी की आंख खुल जाए और उन्हें भूख या प्यास लगे, तो वह इधर–उधर परेशान न हों।चार बार कई इत्रों से होती है मालिश इतिहासकार के मुताबिक पूरे दिन में चार बार ठाकुरजी की केसर, कस्तूरी, हिना, ऊद, मस्क, अंबर आदि गर्म तासीर वाले बेशकीमती इत्रों से मालिश की जा रही है।3 से बदल जाएगा दर्शन का समय3 नवंबर भाईदूज से ठाकुरजी के दर्शन की समय सारिणी परिवर्तित हो जाएगी। ठाकुरजी के दर्शन सुबह 8.45 से दोपहर 1 बजे तक व शाम को 4.30 से रात 8. 30 बजे तक खुलेंगे।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पाद
मौः– 8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट हिन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा